>

Title: Issue regarding demolition in Mani Majra in Chandigarh.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): महोदय, चंडीगढ़ में स्थित मनीमाजरा के जनता नगर पॉकेट नं. 8 स्थित मकानों एवं झुग्गियों को चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा 31 जनवरी 2013 को तोड़ दिया गया। ये लोग इस स्थान पर पिछले बीस-तीस सालों से रह रहे हैं। इन लोगों के पास अपने मकानों के पट्टे भी हैं, रजिस्ट्री भी थी और कई लोगों की तो इंतकाल भी हो रखी है। चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा बिना कोई वैकल्पिक स्थान दिए हुए, इन लोगों के मकान तोड़ दिए गए। स्थानीय निवासियों ने पहले निरन्तर भूख हड़ताल की, कैंडल मार्च निकाले, रोष प्रदर्शन किए, लेकिन प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। 31 जनवरी से वे लोग खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। इनका घर और साथ ही साथ सारा सामान भी ध्वस्त हो गया है। इन के घर और साथ ही सारे सामान ध्वस्त हो गए। दिनांक 4 मार्च, 2013 से एक स्थानीय निवासी श्रीनिवास काला आमरण अनशन पर हैं।

शहरी विकास मंत्री से यह मेरी मांग है। "कि उजड़े हुए नागरिकों को वहीं बसाया जाये तथा वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने तक उनको वहीं बसने की इजाजत दी जाये तकि उनका रोजगार प्रभावित न हो। **...**(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Nothing will go on record.

(Interruptions) â€¦ *